# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर 2022

## परीक्षा का नाम : मध्यमा पूर्ण

## विषय : गायन तथा स्वरवाद्य वादन

दि. 20/11/2022 समय : सुबह 9 से 12 कुल अंक : 100

सूचनाएँ : (1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य ।
(2) शेष प्रश्नोंमेंसें कोई भी 4 प्रश्न हल करें ।
(3) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

प्रश्न 1. पाठ्यक्रम में से विस्तृत अध्ययन के रागों में से एक बडा ख्याल या मसीत–खानी गत स्थाई और अंतरा सहीत लिखकर दो आलाप तथा दो तानों के साथ स्वरलिपीबध्द किजिए । (20)
(किसी एक राग में)
राग – वृंदावनी सारंग, जौनपुरी, भीमपलासी

प्रश्न 2. (अ) पाठ्यक्रम मे से साधारण ज्ञान के लिए दिये गये रागों मे से किसी एक राग मे छोटा ख्याल अथवा रजाखानी गत लिखे। (पं.पलुस्कर स्वरलिपी में लिपीबध्द करे) (10)
(अस्थाई और अंतरा)

(ब) पाठ्यक्रम मे से साधारण ज्ञान के लिए दिये गये रागों मे से किसी एक राग में धृपद अथवा धमार का स्थाई और अंतरा लिपीबध्द करें। (10)

प्रश्न 3. निम्नलिखित तालों कि पूरी जानकारी लिखकर ठेके ठाहलय मे लिपीबध्द करके बताई गयी लयकारी लिपीबध्द करे। (4X5 = 20)
(कोई चार)

1) रुपक – तिगुन – पं.पलुस्कर लिपी

2) दीपचंदी – दुगुन – पं.भातखंडे लिपी
3) चौताल – दुगुन – पं.भातखंडे लिपी
4) झपताल – तिगुन – पं.पलुस्कर लिपी
5) तिनताल – चौगुन – पं.भातखंडे लिपी
6) धमार – दुगुन – पं.पलुस्कर लिपी

**प्रश्न 4. निम्नलिखित विषयोंपर टिप्पणी लिखे। (कोई चार) (4X5 = 20)**

1) पूर्वांग–उत्तरांग
2) अध्वदर्शक स्वर
3) अविर्भाव–तिरोभाव
4) समप्रकृतिक राग
5) वादी–संवादी
6) अल्पत्व–बहुत्व

**प्रश्न 5. निम्नलिखित रागो में से किन्ही चार रागों कि संपूर्ण जानकारी लिखकर आठ मात्राओंके दो–दो आलाप लिखे। (4X5 = 20)**

1) कामोद 2) छायानट 3) गौडसारंग
4) शंकरा 5) जयजयवंती 6) पूरिया–धनाश्री

**प्रश्न 6. अ) सप्तक मे 22 श्रुतियों का सात स्वरों मे विभाजन के बारे में जानकारी लिखे। (10)**

**ब) निम्नलिखित मे से एक विषयपर निबंध लिखे। (10)**

1) साहित्य और संगीत।
2) शास्त्रीय संगीत और लोकसंगीत।
3) जीवन मे संगीत का महत्व।
4) संगीत विकास मे विज्ञान का सहयोग।

प्रश्न7. अ) एक ही शब्द मे जवाब लिखे। (10)

1) मूल राग को कुशलतासे छिपाने को क्या कहते है ?
2) कामोद राग के वादी संवादी कौनसे है ?
3) धमार ताल कौनसे वाद्य पर बजाते है ?
4) राग जौनपुर का थाट कौनसा है ?
5) भारतीय संगीत में कौनसा स्वर अध्वदर्शक है ?
6) पूर्वांग राग मे वादी स्वर सप्तक के कौनसे अंग में होना चाहिये ?
7) नाद कि कितनी विशेषताए है ?
8) वाद्य वर्गीकरण मे हार्मोनियम वाद्य कौनसे प्रकारोमें से है ?
9) पूरिया धनाश्री राग का गानसमय कौनसा है ?
10) मूल राग को कुशलतासे फिरसे प्रकट करने को क्या कहते है ?

ब) सही या गलत लिखे। (10)

1) राग जयजयवंती परमेलप्रवेशक राग है।
2) शंकरा राग का थाट बिलावल नही है।
3) राग मे षड्ज स्वर कभी भी वर्जीत नही हो सकता है।
4) पं.व्यंकटमखीने 72 थाट निर्मीत किये है।
5) पं.भातखंडेजी के 12 थाट प्रचलित है।
6) राग गौडसारंग ''कल्याण पंचक'' रागों में से एक है।
7) जयजयवंती राग देस और बागेश्री अंगसे गाते है।
8) बडा ख्याल गायन दीपचंदी ताल में करते है।
9) झूमरा ताल पखावज पर बजाते है।
10) सूलताल मे दो खाली आती है।